प्रशासनिक आदेश संख्याः- 300/2020 **दिनाँकः 26 / 08/ 2020**

श्री मयंक प्रकाश, पीठासीन अधिकारी, वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद, सीतापुर द्वारा प्रेषित पत्र दिनांकित- 26.08.2020 द्वारा यह संज्ञान में लाया गया है कि "दिनांक- 25.08.2020 को कोविड-19 का एन्टीजन टेस्ट कराया गया, जिसमें श्री नवीन कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक, पता- रजिस्ट्री आफीस महमूदाबाद, सीतापुर पाजिटिव पाये गये हैं, जिसके परिपेक्ष्य में कार्यालय उपनिबन्धक महमूदाबाद, सीतापुर परिसर को 48 घण्टे के लिये सील करते हुए दो दिवस दिनांक- 26.08.2020 व 27.08.2020 सेनेटाइजेशन हेतु बन्द किया गया है। रजिस्ट्री आफिस महमूदाबाद, तहसील परिसर महमूदाबाद एवं वाह्य न्यायालय परिसर महमूदाबाद 100 मीटर परिधि में ही आते हैं" तथा इसके साथ ही उपरोक्त सम्बन्ध में जिलाधिकारी, सीतापुर से भी न्यायालय परिसर सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद, सीतापुर को 48 घण्टे तक बन्द किये जाने के सबन्ध में आख्या प्राप्त हुई।

उक्त सूचना को दृष्टिगत रखते हुए एवं माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या- 1117/LXXXVII-CPC/eCourts/Allahabad: Dated 03 June 2020 के अनुपालन में वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद, सीतापुर के परिसर को साफ सफाई एवं पूर्ण सेनेटाइजेशन कराने हेतु वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद, सीतापुर को दिनांक- 26.08.2020 व 27.08.2020 (48 घण्टे) तक के लिये बन्द किया जाता है एवं सेनेटाइजेशन के पश्चात न्यायालय दिनांक- 28.08.2020 को पूर्ववत् खुलेगा।

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या- 1117/LXXXVII-CPC/eCourts/Allahabad: Dated 03 June 2020 में वर्णित निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी, महमूदाबाद, सीतापुर को निर्देशित किया जाता है दिनांक- 26.08.2020 व 27.08.2020 को न्यायालय परिसर सिविल जज (जू०डि०), महमूदाबाद, सीतापुर का सम्पूर्ण रूप से सेनेटाइजेशन एव साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

26/8/2020

सर्व सम्बन्धित सूचित हों।

(कुलदीप कुमार-II),
जनपद न्यायाधीश,
सीतापुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. जिला अधिकारी, सीतापुर।
2. पुलिस अधीक्षक, सीतापुर।
3. उपजिलाधिकारी, महमूदाबाद, सीतापुर।

26/8/2020

(कुलदीप कुमार-II),
जनपद न्यायाधीश,
सीतापुर।